संसद सदस्यों ने डा. नीलम संजीव रेड्डी को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 19 मई 2015 : केन्द्रीय शहरी विकास, आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन और संसदीय कार्य मंत्री, श्री एम. वेंकैया नायडू; पूर्व उप प्रधानमंत्री और सभापति, आचार समिति (लोक सभा) श्री लाल कृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने आज भारत के पूर्व राष्ट्रपति और पूर्व लोक सभा अध्यक्ष डा. नीलम संजीव रेड्डी की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासमुन अर्पित किए ।

लोक सभा के महासचिव श्री अनूप मिश्रा ने भी डा. नीलम संजीव रेड्डी को श्रद्धांजलि दी।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित डॉ. नीलम संजीव रेड्डी के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

डॉ. संजीव रेड्डी एक दूरदर्शी राजनेता,एक कुशल प्रशासक तथा एक उत्कृष्ट सांसद थे। वह मद्रास विधान सभा, भारत की संविधान सभा तथा संसद के दोनों सदनों के सदस्य रहे। वह आंध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री तथा केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री भी रहे। डॉ. रेड्डी आंध्र प्रदेश के हिन्दूपुर निर्वाचन क्षेत्र से चौथी लोक सभा के लिए निर्वाचित हुए। 17 मार्च, 1967 को वह चौथी लोक सभा के अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए और 19 जुलाई, 1969 तक इस पद पर रहे। 26 मार्च, 1977 को उन्हें सर्वसम्मति से छठी लोक सभा के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। किन्तु उन्होंने भारत के राष्ट्रपति पद के नामांकन पत्र भरने हेतु चार महीने बाद अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया। वह 25 जुलाई,1977 को वह भारत के राष्ट्रपति के पद हेतु निर्वाचित हुए ।

डॉ. नीलम संजीव रेड्डी का निधन 01 जून, 1996 को हुआ।